prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Social medicine & Community Health

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# SOCIAL MEDICINE & COMMUNITY HEALTH

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

| D | 8 | 1 | 1 | 0 |
|---|---|---|---|---|

Time : **1** $^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## SOCIAL MEDICINE & COMMUNITY HEALTH

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** multiple-choice questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** of them.

**1.** Randomised controlled trial is a following type of study :

(A) Descriptive

(B) Case control

(C) Interventional / Experimental

(D) Cohort

**2.** World No Tobacco Day is celebrated on

(A) $30^{th}$ January

(B) $31^{st}$ May

(C) $30^{th}$ June

(D) $2^{nd}$ October

**3.** UNICEF Day is celebrated on

(A) $11^{th}$ April

(B) $11^{th}$ July

(C) $11^{th}$ October

(D) $11^{th}$ December

**4.** Immunization to reduce deaths due to Acute Respiratory Infections are the following except

(A) Rubella Vaccine

(B) Measles Vaccine

(C) HIB – Vaccine

(D) Pneumococcal Pneumonia – Vaccine

**5.** Typhoid fever is transmitted by

(A) Respiratory route

(B) Blood transfusion

(C) Sexual route

(D) Oral route

**6.** Prevention of Hookworm infestation is possible by one of the following methods :

(A) Supply of safe water

(B) Wearing protective footwear

(C) Vitamin A supplementation

(D) Daily bathing

**7.** Prevention of obesity includes all except

(A) Physical exercise

(B) Dietary changes

(C) Appetite suppressing drugs

(D) Fasting

**8.** Legal limit while driving, for alcohol in blood is

(A) 30 mg/100 ml

(B) 50 mg/100 ml

(C) 80 mg/100 ml

(D) 100 mg/100 ml

**9.** HIV/AIDS is related to following disease :

(A) Viral hepatitis A

(B) Swine Flu

(C) Influenza

(D) Tuberculosis

**10.** National Immunization Programme includes following vaccine :

(A) HIB - vaccine

(B) Rubella vaccine

(C) Measles vaccine

(D) Hepatitis A vaccine



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

# सामाजिक औषधि एवं सामुदायिक स्वास्थ्य

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण निम्नलिखित में से किस प्रकार का अध्ययन है ?
(A) वर्णनात्मक
(B) केस नियंत्रण
(C) हस्तक्षेपकारी / प्रयोगात्मक
(D) कोहार्ट

**2.** 'विश्व तंबाकू नहीं दिवस' (वर्ल्ड नो टॉबैको डे) मनाया जाता है
(A) 30 जनवरी को
(B) 31 मई को
(C) 30 जून को
(D) 2 अक्टूबर को

**3.** यूनिसेफ दिवस (UNICEF Day) मनाया जाता है
(A) 11 अप्रैल को
(B) 11 जुलाई को
(C) 11 अक्टूबर को
(D) 11 दिसंबर को

**4.** तीव्र श्वसन संक्रमण की वजह से होने वाली मृत्यु को कम करने के लिए निम्नलिखित प्रतिरक्षीकरण उपाय किए गए हैं । इनमें से कौन सा ठीक नहीं है ?
(A) रूबेला टीका
(B) खसरा टीका
(C) एच.आई.बी. टीका
(D) न्यूमोकोकल निमोनिया टीका

**5.** टाइफॉइड ज्वर का संचरण होता है
(A) श्वसन मार्ग द्वारा
(B) रक्त आधान द्वारा
(C) यौन-मार्ग द्वारा
(D) मुख-मार्ग द्वारा

**6.** निम्नलिखित में से किस पद्धति द्वारा अंकुशकृमि पर्याक्रमण को रोका जा सकता है ?
(A) सुरक्षित पानी की आपूर्ति
(B) संरक्षी जूते पहनना
(C) विटामिन ए की संपूर्ति
(D) नित्य स्नान

**7.** निम्नलिखित में से कौन सा मोटापे की रोकथाम के उपायों के अंतर्गत नहीं आता ?
(A) शारीरिक कसरत
(B) आहार परिवर्तन
(C) भूख को दबाने वाली औषधियाँ
(D) उपवास

**8.** गाड़ी चलाते समय खून में अल्कोहल की मात्रा की वैध सीमा है
(A) 30 mg/100 ml
(B) 50 mg/100 ml
(C) 80 mg/100 ml
(D) 100 mg/100 ml

**9.** एच.आई.वी./एड्स का संबंध निम्नलिखित में से किस बीमारी से है ?
(A) वाइरल हेपेटाइटिस ए
(B) स्वाइन फ्लू
(C) इनफ्लूएंजा
(D) टी.बी.

**10.** राष्ट्रीय प्रतिरक्षीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा टीका आता है ?
(A) एच.आई.बी. टीका
(B) रूबेला टीका
(C) खसरा टीका
(D) हेपेटाइटिस ए टीका



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** Impact indicators for ASHA work monitoring does not include

(A) HIV/AIDS +ve case reporting

(B) Infant mortality reporting

(C) Child malnutrition rates

(D) Tuberculosis cases detected as compared to previous year

**12.** Population of India in 2001 was (in million)

(A) 848.9 (B) 943.9

(C) 1027.0 (D) 1079.7

**13.** Under MTP Act, abortion after 12 weeks can be performed with the opinion of

(A) One Registered Medical Practitioner

(B) RMP with experience in Obstetrics

(C) Two RMP with experience in Obstetrics

(D) Medical graduate with 6 months' experience in Obstetrics and Gynaecology.

**14.** One of the commonest health problem in pregnancy is

(A) Accidents

(B) Anaemia

(C) Loss of weight

(D) Headache

**15.** Five months old child should be given

(A) Cow's Milk

(B) Dried Powder Milk

(C) Milk with Sugar

(D) Breast Milk

**16.** Highest number of maternal deaths are due to

(A) Unsafe abortion

(B) Haemorrhage

(C) Sepsis

(D) Obstructed labour

**17.** "Nothing on earth is more international than disease" is a famous quote of

(A) Paul Russel

(B) Gallen

(C) Vesalius

(D) William Harvey

**18.** Following is the contact poison :

(A) Benzene hexachloride

(B) Abate

(C) Hydrogen cyanide

(D) Paris green

**19.** Application of scientific methods of investigation to study of Complex Human Organisations and Services is

(A) Health system research

(B) Operational research

(C) Organisational research

(D) Basic research

**20.** Venturi meter is used for

(A) measuring bed resistance in slow sand filter.

(B) measuring air velocity.

(C) measuring amount of chlorine required.

(D) measuring amount of absorbed radiation.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

**11.** नीचे दिए गए इम्पेक्ट सूचकों में से कौन सा सूचक ए.एस.एच.ए. (ASHA) वर्क मॉनिटरिंग के अंतर्गत नहीं आता ?

(A) एच.आई.वी. / एड्स +ve केस रिपोर्टिंग

(B) शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग

(C) बाल कुपोषण दर

(D) पिछले वर्ष की तुलना में टी.बी. के रोगियों की पहचान

**12.** 2001 में भारत की जनसंख्या थी (मिलयन में)

(A) 848.9 (B) 943.9

(C) 1027.0 (D) 1079.7

**13.** एम.टी.पी. अधिनियम के अंतर्गत 12 सप्ताह बाद गर्भपात किसकी राय से कराया जा सकता है ?

(A) एक रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर ।

(B) आर.एम.पी. जिसे प्रसूतिविज्ञान का अनुभव हो ।

(C) दो आर.एम.पी. जिन्हें प्रसूतिविज्ञान का अनुभव हो ।

(D) आयुर्विज्ञानीय स्नातक जिसे प्रसूतिविज्ञान तथा स्त्रीरोगविज्ञान के क्षेत्र में 6 माह का अनुभव हो ।

**14.** सगर्भता में सबसे सामान्य समस्याओं में से एक है

(A) दुर्घटनाएँ

(B) खून की कमी

(C) वजन घटना

(D) सिरदर्द

**15.** पाँच महीने के बच्चे को निम्नलिखित में से क्या देना चाहिए ?

(A) गाय का दूध

(B) सूखा पाउडर दूध

(C) चीनी मिला दूध

(D) माँ का दूध

**16.** सर्वाधिक संख्या में मातृ-मृत्यु निम्नलिखित में से किस कारण की वजह से होती हैं ?

(A) असुरक्षित गर्भपात

(B) रक्तस्राव

(C) पूतिता (सेप्सिस)

(D) अवरुद्ध प्रसव

**17.** "पृथ्वी पर बीमारी से अधिक अंतर्राष्ट्रीय कोई चीज नहीं है ।" यह प्रसिद्ध उद्धरण है

(A) पॉल रसेल का

(B) गैलेन का

(C) वेसालियस का

(D) विलियम हार्वे का

**18.** निम्नलिखित में से कौन सा संसर्ग विष है ?

(A) बेन्ज़ीन हेक्साक्लोराइड

(B) अबेट

(C) हाइड्रोजन साइनाइड

(D) पैरिस ग्रीन

**19.** जटिल मानव-संगठनों और सेवाओं के अध्ययन की वैज्ञानिक पद्धति का अनुप्रयोग है

(A) स्वास्थ्य प्रणाली शोध

(B) संक्रिया विज्ञान

(C) संगठनात्मक शोध

(D) मूल शोध

**20.** वेन्चुरीमीटर का प्रयोग किया जाता है

(A) धीमे सैंड फिल्टर में संस्तर-प्रतिरोध मापने के लिए

(B) वायुवेग मापने के लिए

(C) अपेक्षित क्लोरीन की मात्रा मापने के लिए

(D) प्रेक्षित विकिरण की मात्रा मापने के लिए



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

21. Following is not the beneficiary of ICDS scheme :

(A) Adolescent girls

(B) Pregnant women

(C) School going children

(D) Lactating women

22. 'Delphi' method is a

(A) Contraceptive method

(B) Method of communication

(C) Biostatistical tool for calculation of sample size

(D) Management technique

23. Toxic Shock Syndrome (TSS) is an adverse reaction related to

(A) Any vaccine

(B) Oral Polio vaccine

(C) BCG vaccine

(D) Measles vaccine

24. Following is not included in 'Five Cleans' under obstetric care :

(A) Clean airway

(B) Clean hands

(C) Clean surface

(D) Clean tag

25. Best measure for estimating the impact of health intervention in general population is

(A) Relative Risk

(B) Attributable Risk

(C) Population Attributable Risk

(D) Odds Ratio

Questions **26** to **32** consists of matching item. This consists of two lists of statements terms or symbols and the candidate has to match an item in one list with item in the other.

26.

| **List – I (Hazards)** | **List – II (Agent)** |
|---|---|
| a. Miners Nystagmus | i. Effect of pressure |
| b. White Fingers | ii. Ultra violet radiation |
| c. Caissons Disease | iii. Inadequate light |
| d. Welders Flash | iv. Chronic vibrations |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | i | iv | iii |

27.

| **List – I (Carcinogen)** | **List – II (Target Organ)** |
|---|---|
| a. Vinyl Chloride | i. Lungs |
| b. Benzidine | ii. WBCs |
| c. Benzene | iii. Bladder |
| d. Chromium | iv. Liver |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | i | iv | ii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**21.** निम्नलिखित में से कौन सा आई.सी.डी.एस. स्कीम का लाभभोगी नहीं है ?

(A) किशोरवय लड़कियाँ

(B) सगर्भ स्त्रियाँ

(C) स्कूली बच्चे

(D) स्तन्यस्रवण वाली स्त्रियाँ

**22.** निम्नलिखित में से डेल्फी पद्धति कौन सी है ?

(A) गर्भनिरोधक पद्धति

(B) संचार पद्धति

(C) नमूने के आकार का आकार मापने के लिए जीव-सांख्यिकी उपकरण

(D) प्रबंधन तकनीक

**23.** टॉक्सिक शॉक सिन्ड्रोम (TSS) विपरीत प्रतिक्रिया है, जिसका संबंध है

(A) किसी टीके से

(B) ओरल पोलियो टीके से

(C) बी.सी.जी. टीके से

(D) खसरा टीके से

**24.** प्रसूतिगत सावधानी की "पाँच शुद्धताओं" में निम्नलिखित में से किसे शामिल नहीं किया जाता ?

(A) शुद्ध वायुमार्ग

(B) शुद्ध हाथ

(C) शुद्ध भूमितल

(D) शुद्ध टैग

**25.** आम जनसंख्या में स्वास्थ्य-बाधा के प्रभाव के आकलन का सर्वश्रेष्ठ उपाय है

(A) सापेक्षिक खतरा (रिलेटिव रिस्क)

(B) आरोप्य खतरा (ऐट्रिब्यूटेबल रिस्क)

(C) जनसंख्या के कारण खतरा (पॉप्यूलेशन एट्रीब्यूटेबल रिस्क)

(D) ऑड्स अनुपात

प्रश्न 26 से 32 संबंध सुमेलित करने वाले मदों से हैं । इसमें वक्तव्यों की दो सूचियाँ पद या प्रतीक है । अभ्यर्थी को एक सूची के मद को दूसरी सूची के मद से सुमेलित करना है ।

**26.**

| सूची – I (संकट) | सूची – II कारक (एजेंट) |
|---|---|
| a. माइनर्स निस्टेगमस | i. दाब का प्रभाव |
| b. व्हाइट फिंगर्स | ii. अल्ट्रावायलेट विकिरण |
| c. कैसॉन रोग | iii. अपर्याप्त प्रकाश |
| d. वेल्डर्स फ्लैश | iv. तीव्र कंपन |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**27.**

| सूची – I (कार्सिनोजेन) | सूची – II (लक्षित अंग) |
|---|---|
| a. विनाइल क्लोराइड | i. फेफड़े |
| b. बेन्ज़िडीन | ii. श्वेत रक्तपेशी |
| c. बेंज़ीन | iii. आशय |
| d. क्रोमियम | iv. जिगर |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | i | iv | ii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**28.** **List – I (Food Poisoning)** / **List – II (Common Food)**

| List – I (Food Poisoning) | List – II (Common Food) |
|---|---|
| a. Salmonella | i. Meat |
| b. Staphylococci | ii. Poultry |
| c. Claustridia | iii. Canned food |
| d. Botulism | iv. Salad |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**29.** **List – I (Instrument)** / **List – II (Physical Environment)**

| List – I (Instrument) | List – II (Physical Environment) |
|---|---|
| a. Anemometer | i. Hearing ability |
| b. Psychrometer | ii. Air velocity |
| c. Audiometer | iii. Radiation |
| d. Dosimeter | iv. Humidity |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | ii | iv | i | iii |

**30.** **List – I** / **List – II**

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. 1st December | i. Anti Drug Addiction Day |
| b. 2nd October | ii. Anti Leprosy Day |
| c. 11th July | iii. World AIDS Day |
| d. 30th January | iv. World Population Day |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | i | iii | ii | iv |
| (D) | iv | ii | iii | i |

**31.** **List – I (Age of Infant)** / **List – II (Increase in Wt/Week)**

| List – I (Age of Infant) | List – II (Increase in Wt/Week) |
|---|---|
| a. 0 – 3 months | i. 100 gms |
| b. 4 – 6 months | ii. 150 gms |
| c. 7 – 9 months | iii. 200 gms |
| d. 10 – 12 months | iv. 50 gms |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**32.** **List – I (Vaccine)** / **List – II (Disease Prevented)**

| List – I (Vaccine) | List – II (Disease Prevented) |
|---|---|
| a. Live Attenuated Bacterial | i. Chicken pox |
| b. Live Attenuated Viral | ii. Hepatitis-B |
| c. Killed Bacterial | iii. BCG |
| d. Recombinant DNA | iv. Plague |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

**28.** सूची – I (आहार विषाक्तन) / सूची – II (सामान्य आहार)

| सूची – I (आहार विषाक्तन) | सूची – II (सामान्य आहार) |
|---|---|
| a. साल्मोनेला | i. मांस |
| b. स्टैफिलॉकोकाई | ii. कुक्कुटादि उत्पादन |
| c. क्लस्ट्रिडिया | iii. डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ |
| d. बॉट्यूलिज़्म | iv. सलाद |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**29.**

| सूची – I (उपकरण) | सूची – II (भौतिक परिवेश) |
|---|---|
| a. एनीमोमीटर | i. श्रवण क्षमता |
| b. सायकोमीटर | ii. वायुवेग |
| c. ऑडियोमीटर | iii. विकिरण |
| d. डोज़ीमीटर | iv. आर्द्रता |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | ii | iv | i | iii |

**30.**

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. 1 दिसंबर | i. नशा विरोधी दिवस |
| b. 2 अक्टूबर | ii. कुष्ठ विरोधी दिवस |
| c. 11 जुलाई | iii. विश्व एड्स दिवस |
| d. 30 जनवरी | iv. विश्व जनसंख्या दिवस |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | i | iii | ii | iv |
| (D) | iv | ii | iii | i |

**31.**

| सूची – I (शिशु की आयु) | सूची – II (प्रति सप्ताह भार वृद्धि) |
|---|---|
| a. 0 – 3 महीने | i. 100 ग्राम |
| b. 4 – 6 महीने | ii. 150 ग्राम |
| c. 7 – 9 महीने | iii. 200 ग्राम |
| d. 10 – 12 महीने | iv. 50 ग्राम |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**32.**

| सूची – I (टीका) | सूची – II (रोग का निवारण) |
|---|---|
| a. लिव अटेन्युएटिड जीवाणु | i. चिकन पॉक्स |
| b. लिव अटेन्युएटिड वाइरल | ii. हेपेटाइटिस-बी |
| c. मारे गए जीवाणु | iii. बी.सी.जी. |
| d. रिकॉम्बिनेंट डी.एन.ए. | iv. प्लेग |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

33. Identify the descending order of the incidence of cancer in different organs of body in Indian males.

(A) Mouth and Oropharynx; Trachea Bronchus and Lungs; Lymphoma and Multiple Myloma; Prostate

(B) Trachea Bronchus and Lungs; Lymphoma and Multiple Myloma; Prostate; Mouth and Oropharynx

(C) Prostate; Trachea Bronchus and Lungs; Lymphoma and Multiple Myloma; Mouth and Oropharynx

(D) Lymphoma and Multiple Myloma; Mouth and Oropharynx; Prostate; Trachea Bronchus and Lungs

34. Identify ascending order of the fibre content in grams/100 gms of common Indian foods.

(A) Maida, Milk, Rice, Ragi

(B) Milk, Maida, Rice, Ragi

(C) Rice, Maida, Milk, Ragi

(D) Milk, Maida, Ragi, Rice

35. Identify descending order of saturated fat content in g/100 g of common fats and oil.

(A) Ghee, Coconut Oil, Groundnut Oil, Mustard Oil

(B) Ghee, Coconut Oil, Mustard Oil, Groundnut Oil

(C) Coconut Oil, Ghee, Mustard Oil, Groundnut Oil

(D) Coconut Oil, Ghee, Groundnut Oil, Mustard Oil

36. Identify the correct sequence of steps in well disinfection.

(A) O.T. Test; Determination of volume of water in the well; Calculation of amount of Bleaching Powder required; Preparation of chlorine solution and putting it in the well

(B) O.T. Test; Preparation of chlorine solution and putting it in the well; Calculation of amount of Bleaching Powder required; Determination of volume of water in the well

(C) Determination of volume of water in the well; Calculation of amount of Bleaching Powder required; Preparation of chlorine solution and putting it in the well; O.T. Test

(D) O.T. Test; Calculation of amount of Bleaching Powder required; Preparation of chlorine solution and putting it in the well; Determination of volume of water in the well

37. Identify correct ascending order of commencement of National Programmes of the following infectious diseases :

(A) Malaria, Smallpox, Guinea worm, Leprosy

(B) Smallpox, Malaria, Leprosy, Guinea worm

(C) Malaria, Leprosy, Smallpox, Guinea worm

(D) Smallpox, Malaria, Guinea worm, Leprosy



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

33. भारतीय पुरुषों में शरीर के विभिन्न अंगों में होने वाले कैंसर के अवरोही क्रम की पहचान कीजिए ।

(A) मुख तथा मुख-ग्रसनी; श्वास-प्रणाल श्वसनी तथा फेफड़े; लिम्फोमा तथा मल्टीपल माइलोमा; प्रॉस्टेट

(B) श्वास-प्रणाल श्वसनी तथा फेफड़े; लिम्फोमा तथा मल्टीपल माइलोमा; प्रॉस्टेट; मुख तथा मुख-ग्रसनी

(C) प्रॉस्टेट; श्वास-प्रणाल श्वसनी तथा फेफड़े; लिम्फोमा तथा मल्टीपल माइलोमा; मुख तथा मुख-ग्रसनी

(D) लिम्फोमा तथा मल्टीपल माइलोमा; मुख तथा मुख-ग्रसनी; प्रॉस्टेट; श्वास-प्रणाल श्वसनी तथा फेफड़े

34. नीचे दिए गए आम भारतीय भोजन में ग्राम/प्रति 100 ग्राम में पाए जाने वाले तंतु अंश के आरोही क्रम की पहचान कीजिए :

(A) मैदा, दूध, चावल, रागी

(B) दूध, मैदा, चावल, रागी

(C) चावल, मैदा, दूध, रागी

(D) दूध, मैदा, रागी, चावल

35. नीचे दिए गए वसा तथा तेलों के प्रति ग्राम / 100 ग्राम में संतृप्त वसा अंश के अवरोही क्रम की पहचान कीजिए :

(A) घी, नारियल का तेल, मूँगफली का तेल, सरसों का तेल ।

(B) घी, नारियल का तेल, सरसों का तेल, मूँगफली का तेल ।

(C) नारियल का तेल, घी, सरसों का तेल, मूँगफली का तेल ।

(D) नारियल का तेल, घी, मूँगफली का तेल, सरसों का तेल ।

36. कुएँ के विसंक्रमण के लिए उठाए गए कदमों के सही अनुक्रम की पहचान कीजिए ।

(A) ओ टी परीक्षण; कुएँ में पानी के आयतन का निर्धारण; अपेक्षित ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा का अनुमान; क्लोरीन का घोल तैयार कर उसे कुएँ में डालना ।

(B) ओ टी परीक्षण; क्लोरीन का घोल तैयार कर उसे कुएँ में डालना; अपेक्षित ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा का अनुमान; कुएँ में पानी के आयतन का निर्धारण ।

(C) कुएँ में पानी के आयतन का निर्धारण; अपेक्षित ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा का अनुमान; क्लोरीन का घोल तैयार कर उसे कुएँ में डालना; ओ टी परीक्षण ।

(D) ओ टी परीक्षण; अपेक्षित ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा का अनुमान; क्लोरीन का घोल तैयार कर उसे कुएँ में डालना; कुएँ में पानी के आयतन का निर्धारण ।

37. निम्नलिखित संक्रामक रोगों के राष्ट्रीय कार्यक्रम के आरंभ के सही आरोही क्रम की पहचान कीजिए ।

(A) मलेरिया, चेचक, गिनी वॉर्म, कुष्ठरोग ।

(B) चेचक, मलेरिया, कुष्ठरोग, गिनी वॉर्म ।

(C) मलेरिया, कुष्ठरोग, चेचक, गिनी वॉर्म ।

(D) चेचक, मलेरिया, गिनी वॉर्म, कुष्ठरोग ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**38.** Identify correct descending order of percentage decline of vaccine preventable diseases from the year 1987 to 2005 :

(A) Poliomyelitis; Neonatal tetanus; Diphtheria; Measles

(B) Neonatal tetanus; Poliomyelitis; Diphtheria; Measles

(C) Poliomyelitis; Neonatal tetanus; Measles; Diphtheria

(D) Neonatal tetanus; Poliomyelitis; Measles; Diphtheria

**39.** Identify correct sequence of steps in Integrated Management of Neonatal and Childhood Diseases.

(A) Assessment of young child, Classification of illness, Counselling, Identification of treatment.

(B) Classification of illness, Assessment of young child, Identification of treatment, Counselling.

(C) Assessment of young child, Classification of illness, Identification of treatment, Counselling.

(D) Classification of illness, Assessment of young child, Counselling, Identification of treatment.

Given below consists of the two paired statements. Statement A (Assertion) and R (Reason). Select appropriate answer using the code given below as follows (Q. No. **40** to **46**) :

(A) Both A (Assertion) and R (Reason) are true and R (Reason) is the correct explanation of A (Assertion).

(B) Both A (Assertion) and R (Reason) are true, but R is not the correct explanation of A.

(C) A (Assertion) is true, but R (Reason) is false.

(D) A (Assertion) is false, but R (Reason) is true.

**40.** **A :** The National Survey on Blindness (2001-2002) shows an estimated 1.1% prevalence of blindness in general population.

**R :** Based on these findings the National programme for control of blindness was launched in the year 2006.

**41.** **A :** For many children presenting with overlapping signs and symptoms of diseases a single diagnosis may be difficult, at first level health care facility.

**R :** Facilities for X-ray and Laboratory investigations are limited at first level health care.

**42.** **A :** Positive predictive value is affected by specificity of a test.

**R :** Validity of a test has two components positive predictive value and specificity.

**43.** **A :** Several countries currently administer a second dose of measles as a routine.

**R :** The poor sero conversion rate can be circumvented by giving the first dose at the age of 8 to 9 months and the second dose a year later.

**44.** **A :** Mala-D package contains 30 pills including 7 ferrous fumerate tablets.

**R :** The number of pills corresponds to the mean menstrual cycle of a woman.

**45.** **A :** Measles vaccine is not recommended in elderly age group.

**R :** Subclinical cases are not common in measles.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

38. 1987 से 2005 तक टीके से रोकथाम वाले रोगों में कमी के प्रतिशत के सही अवरोही क्रम की पहचान कीजिए ।

(A) पोलियो, नवजात टिटेनस, डिफ्थीरिया, खसरा ।

(B) नवजात टिटेनस, पोलियो, डिफ्थीरिया, खसरा ।

(C) पोलियो, नवजात-टिटेनस, खसरा, डिफ्थीरिया ।

(D) नवजात-टिटेनस, पोलियो, खसरा, डिफ्थीरिया ।

39. नवजात तथा बाल-रोगों के एकीकृत प्रबंधन की दिशा में उठाए कदमों के सही अनुक्रम की पहचान कीजिए ।

(A) छोटे बच्चे की स्थिति का आकलन, रोग का वर्गीकरण, परामर्श, उपचार का निर्धारण ।

(B) रोग का वर्गीकरण, छोटे बच्चे की स्थिति का आकलन, उपचार का निर्धारण, परामर्श ।

(C) छोटे बच्चे की स्थिति का आकलन, रोग का वर्गीकरण, उपचार का निर्धारण, परामर्श ।

(D) रोग का वर्गीकरण, छोटे बच्चे की स्थिति का आकलन, परामर्श, उपचार का निर्धारण।

प्रश्न 40 से 46 तक प्रत्येक में दो युग्म वक्तव्य हैं : वक्तव्य A (अभिकथन) तथा वक्तव्य R (कारण) । नीचे दिए गए कोडों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) A (अभिकथन) तथा R (कारण) दोनों सही हैं और R (कारण), A (अभिकथन) की सही व्याख्या है ।

(B) A (अभिकथन) तथा R (कारण) दोनों सही हैं, किंतु R (कारण), A (अभिकथन) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) A (अभिकथन) तो सही है, किंतु R (कारण) गलत है ।

(D) A (अभिकथन) गलत है, किंतु R (कारण) सही है ।

40. **अभिकथन (A) :** राष्ट्रीय अंधता सर्वेक्षण (2001-2002) यह दर्शाता है कि सामान्य जनसंख्या का अनुमानत: 1.1% अंधता से ग्रस्त है ।

**कारण (R) :** इस निष्कर्ष के आधार पर 2006 में अंधता नियंत्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम आरंभ किया गया ।

41. **अभिकथन (A) :** चूँकि कई बच्चे रोगों के मिले-जुले लक्षण प्रकट करते हैं, इसलिए स्वास्थ्य-सुविधा के प्राथमिक स्तर पर उनका एक ही निदान मुश्किल है ।

**कारण (R) :** स्वास्थ्य-सुविधा के प्राथमिक स्तर पर एक्स-रे तथा प्रयोगशाला-जाँच की सुविधाएँ सीमित हैं ।

42. **अभिकथन (A) :** किसी परीक्षण की सुनिश्चितता से सकारात्मक लक्षणसूचक मूल्य प्रभावित होते हैं ।

**कारण (R) :** किसी परीक्षण की वैधता दो घटकों पर निर्भर है – सकारात्मक लक्षणसूचक मूल्य और सुनिश्चितता ।

43. **अभिकथन (A) :** अनेक देश आजकल आम तौर पर खसरा की दूसरी खुराक दिलवाते हैं ।

**कारण (R) :** सीरम-रूपांतरण की अपर्याप्त दर को, 8 से 9 महीने की आयु में पहली खुराक और इसके एक साल बाद दूसरी खुराक देकर, रोका जा सकता है ।

44. **अभिकथन (A) :** माला-डी पैकेज में 30 गोलियाँ होती हैं, फेरस फ्यूर्नारेट की 7 गोलियाँ भी शामिल हैं ।

**कारण (R) :** गोलियों की संख्या स्त्री के औसत मासिक चक्र के अनुरूप रखी गई है ।

45. **अभिकथन (A) :** बड़ी आयु के लोगों के लिए खसरे के टीके की अनुशंसा नहीं की जाती ।

**कारण (R) :** खसरे में आम तौर पर लक्षणहीन रोगी देखने में नहीं आते ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**46.** **A :** We do not have information about the incidence of a disease in exposed and non exposed persons in case control study.

**R :** In a case control study, both relative risk or odds ratio cannot be calculated.

Read the passage below and answer the **4** questions based on your understanding of the passage. (Q. No. **47** to **50**)

Ergonomics is the study of men at work with a view to identify stress factors operating in work environments and impairing the physical, mental and psychological health of workers and interfering with their work performance. Ergonomics is multidisciplinary; it draws upon a variety of disciplines such as psychology, anthropology, physiology, epidemiology, engineering, biomechanics, etc.

Applications of ergonomics are health promoting. By eliminating or controlling all types of stressors in a work area, ergonomics eventually creates a healthy work environment and a healthy workforce. Both these factors contribute towards improving work efficiency and work performance, besides increasing work output and productivity.

Ergonomics is a fast growing speciality. It originated in the defence sector of United States and United Kingdom and therefrom crossing over to the industrial world, it found applications in mining, forestry, agriculture and such other labour intensive areas as are characterized by strenuous physical effort and high aerobic demand. In due course, physical effort undertaken by workforce was replaced by mechanical devices sparing human labour, and the applications of ergonomics were gradually extended to cognitive and sensory activities which consume little physical effort.

**47.** Ergonomics aims at identification of

(A) Stress factors in work environment

(B) Work performance

(C) Psychological health of workers

(D) Physical impairment of workers

**48.** Basis of ergonomics is

(A) Only Psychology

(B) Only Engineering

(C) Only Biomechanics

(D) Multidisciplinary

**49.** All benefits related to ergonomics are due to

(A) Work efficiency

(B) Controlling all types of stresses in work area

(C) Increased work output

(D) Increased productivity

**50.** All of the following in relation to ergonomics is correct except

(A) Ergonomics is fast growing speciality.

(B) Ergonomics originated in defence sector of United States and United Kingdom.

(C) Ergonomics found its applications in mining, forestry and other labour intensive areas.

(D) Ergonomics means replacement of human labour by mechanical devices.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**46.** **अभिकथन (A) :** रोगी नियंत्रण अध्ययन (केस कंट्रोल स्टडी) में रक्षित और अरक्षित लोगों में रोग होने की सूचना हमारे पास नहीं है ।

**कारण (R) :** रोगी नियंत्रण अध्ययन में सापेक्षिक खतरे और संभावना अनुपात दोनों का आकलन नहीं किया जा सकता ।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसकी समझ के आधार पर आगे दिए गए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रश्न सं. 47 से 50) :

श्रमिकार्थशास्त्र (अर्गोनोमिक्स) कार्यरत मनुष्यों का अध्ययन है । इसमें कार्य के परिवेश में दबाव के उन कारकों की पहचान का लक्ष्य रहता है जो श्रमिकों के शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाते हैं और उनके कार्य-निष्पादन में बाधा डालते हैं । श्रमिकार्थशास्त्र अंतरविधापरक है । यह विविध विषयों जैसे मनोविज्ञान, नृविज्ञान, जानपदिक रोगविज्ञान, इंजीनियरिंग, जीवयांत्रिकी इत्यादि से अपनी सामग्री ग्रहण करती है ।

श्रमिकार्थशास्त्र के अनुप्रयोग स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले हैं । कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा करने वाले सभी प्रकार के तत्त्वों को दूर करके या नियंत्रित करके यह शास्त्र अंततः काम करने का स्वस्थ वातावरण बनाता है और स्वस्थ श्रम-शक्ति का निर्माण करता है । इन दोनों कारकों की वजह से उत्पादन और उत्पादकता तो बढ़ती ही है, कार्यकुशलता और कार्य-निष्पादन में भी सुधार आता है ।

श्रमिकार्थशास्त्र एक तेज़ी से बढ़ती हुई विशेषज्ञता है । इसकी शुरुआत अमरीका और ब्रिटेन के रक्षा क्षेत्र में हुई । फिर वहाँ से औद्योगिक जगत में जगह बनाकर इसका खनन, वानिकी, कृषि और ऐसे श्रम-सघन क्षेत्रों में इसका उपयोग किया गया, जिनमें भारी शारीरिक श्रम की जरूरत होती है । वायुजीवी क्षेत्रों में भी इसकी भारी माँग महसूस की गई । कालांतर में कामगारों के शारीरिक श्रम का स्थान यांत्रिक युक्तियों ने ले लिया जिससे मानव-श्रम से मुक्ति मिली । धीरे-धीरे विविध संज्ञानात्मक और संवेदनात्मक गतिविधियों में इसका विस्तार हुआ, जिनमें शारीरिक प्रयास की वैसी जरूरत नहीं होती ।

**47.** श्रमिकार्थशास्त्र निम्नलिखित में से किसकी पहचान करता है ?

(A) कार्य के वातावरण में दबाव के कारक

(B) कार्य-निष्पादन

(C) श्रमिकों का मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य

(D) श्रमिकों की शारीरिक क्षति

**48.** श्रमिकार्थशास्त्र का आधार है

(A) केवल मनोविज्ञान

(B) केवल इंजीनियरिंग

(C) केवल जीवयांत्रिकी

(D) अंतरविधापरक

**49.** श्रमिकार्थशास्त्र से जुड़े हुए सभी लाभों का कारण है

(A) कार्यकुशलता

(B) कार्यक्षेत्र में सभी प्रकार के दबावों को नियंत्रित करना

(C) बढ़ा हुआ उत्पादन

(D) बढ़ी हुई उत्पादकता

**50.** श्रमिकार्थशास्त्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) श्रमिकार्थशास्त्र तेज़ी से बढ़ती हुई विशेषज्ञता है ।

(B) श्रमिकार्थशास्त्र की शुरुआत अमरीका तथा ब्रिटेन के रक्षा क्षेत्र में हुई ।

(C) श्रमिकार्थशास्त्र का अनुप्रयोग खनन, वानिकी तथा अन्य श्रम-सघन क्षेत्रों में किया गया ।

(D) श्रमिकार्थशास्त्र का अर्थ है मानव-श्रम के स्थान पर यांत्रिक युक्तियों की स्थापना ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in